# माली समाज की 704 प्रतिभाओं का सम्मान किया

**भीनमाल**, (निसं)। भीनमाल शहर के क्षेमंकरी माता मंदिर तलहटी स्थित माली समाज भवन में रविवार को संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान (भीरु ग्रुप) के बैनर तले माली समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह व मातृशक्ति सम्मेलन भारत माता सेवा संस्कार ट्रस्ट के संत श्री ऋषि ज्ञान आश्रम आत्मानंद महाराज के सानिध्य में हुआ।

समारोह में सांचौर व जालोर जिले की 704 प्रतिभाओं को मेडल, स्मृति चिह्न व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विमेन एण्ड चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट भाग्यश्री सैनी ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने सपनों को कैसे साकार करना है यहीं सीखना होगा। युवा लग्न व मेहनत से पढाई करे, तभी सफलता मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मां बालक की पहली गुरु है। मातृशक्ति को भी निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महिलाओं भी पुरुषों से कमत्तर नहीं है। ऐसे में समाज में बालक-बालिकाओं में भेंद नहीं करना होगा।

उन्होंने संत श्री लिखमीदास संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण के बिना महिला सशक्तिकरण नहीं हो सकता है। महिलाओं को फैसले खुद लेने होंगे। डाइटीशियन डॉ. इंदु सैनी उदयपुर ने कहा कि आज हम प्रकृति के साथ खिलवाड कर रहे है। विज्ञान व तकनिकी के युग में बीमारियों का ईलाज भी मिला है, लेकिन बीमारियों कई गुणा और बढी है। उन्होंने कहा कि आज हम प्रकृति के साथ खिलवाड कर रहे है। पक्षी रात में दाना नहीं चुगते है, लेकिन हम मनुष्य देर रात तक भोजन व पार्टियां कर रहे है। सर्दी, गर्मी के मौसम में खानपान को लेकर सावधानी बरते। उन्होंने कहा कि आज 90 प्रतिशत बीमारियों मनुष्य के गलत खानपान से हो रही है। आज योग का महत्व बताया जा रहा है। छोटे-छोटे बच्चे गुस्सा करते है। जो हमारी जरूरत नहीं है, उसे खाने से परहेज करे। आज गेहूं के साथ चावल भी बढ रहे है। शिक्षाविद् मुकेश कुमार सोलंकी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार देने की आवश्यकता है। उन्होंने संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान समाज की प्रतिभाओं को तराश कर उचित मंच देने का कार्य कर रही है।



**भीनमाल में क्षेमंकरी माता मंदिर तलहटी स्थित माली समाज भवन में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह व मातृशक्ति सम्मेलन हुआ।** फोटो-राष्ट्रदूत

संत आत्मानंद महाराज ने महिला सम्मान देने की आवश्यकता जताई। अधिवक्ता भावना सैनी दौसा ने कहा कि बालिका शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन आएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को आव्हान किया बेटा-बेटियों में भेद को मिटाना होगा।

पुलिस निरीक्षक रामेश्वरलाल भाटी ने कहा कि समय शिक्षा व टेक्नोलोजी का है। उन्होंने अभिभावकों से आ ान किया कि जमाना बदल गया है। अपने बच्चों के प्रति मित्रता का व्यवहार रखे। उन्होंने उपस्थित युवाओं को सोशल मीडिया से दूर रहने का आव्हान किया। समारोह को डॉ. विमला परिहार सिवाना, व्याख्याता ममता-जालोर, शिक्षिका गीता परिहार कवास ने भी सम्बोधित किया। संस्थान के सचिव भंवरलाल सोलंकी ने बताया कि समारोह में 4 प्रतिभाओं को गोलड मेडल, 600 प्रतिभाओं को सिल्वर मेडल, 100 महिला शिक्षिकाओं व भामाशाहों का सम्मान किया गया। समारोह का संचालन पारसमल सांखला व मीठालाल जांगिड ने किया।

संस्थान के अध्यक्ष छगाराम सांखला ने अतिथियों व आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया। इस मौके डॉ. मदनलाल परमार, सीएल गहलोत, बाबुलाल सुंदेशा, मांगीलाल परमार, जगदीश परमार, सवजी परमार, लालाराम परमार, भाजपा नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोलंकी, सीए जितेन्द्र माली, बाबुलाल परमार, रमेश सुंदेशा, पुखराज गहलोत, भभूताराम परमार, माली युवा संगठन के अध्यक्ष मेघराम परमार, सुरेश सोलंकी बडगांव, चेतन गहलोत, किरण कुमार मालवाडा, सीलासन सरपंच वरदाराम माली, अरविन्द माली रानीवाडा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष का स्वागत

**पोकरण**, (कासं)। राजस्थान क्रिकेट संघ के प्रदेश अध्यक्ष वभाजपा युवा नेता धनंजय सिंह खिंवसर का पोकरण में स्वागत किया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खिंवसर के पुत्र युवा नेता धनंजय सिंह खिंवसर पहुंचे। रामदेवरा बाबा रामदेव की समाधी के मन्दिर में पूजा अर्चना कर सपत्नी बाबा की समाधी के धोक लगाई। दर्शनकर देश में अमन चैन एवं शान्ति की कामना की। बाबा रामदेव समाधी समिति ने खिंवसर का तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। रामदेवरा से पोकरण फोर्ट पहुंचे। वहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत कर मुलाकात की। इस अवसर पर खिंवसर का पोकरण पहुंचने पर युवा व्यवसायी भूपेंद्र सिंह सांकडा ने साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। केलावा सरपंच प्रतिनिधि राजु सिंह देवडा के नेतृत्व में भाजपा के नेताओं ने स्वागत किया। राजपूत सेवा समिति अध्यक्ष बलवन्त सिंह जोधा, भगवत सिंह सांकडा, एडवोकेट कुंपसिह सांकडा, नरपतसिह, उम्मेदसिंह झलोडा, नाथुसिह छायण, भंवर सिंह तंवर मेहबूब खान मल्का सहित कई युवा नेता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्टेशन के प्रवेश व निकास मार्ग अलग-अलग बनें : गर्ग



**मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग (जालोर विधायक) ने निर्माणधीन रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने रविवार को नवनिर्माणाधीन जालोर रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवलोकन के दौरान उन्होंने रेलवे के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर स्टेशन के प्रवेश द्वार व निकास के मार्ग अलग-अलग किए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने रेलवे स्टेशन के समीप शहीद स्मारक के बाई ओर व दाई ओर अलग-अलग सड़क मार्ग द्वारा प्रवेश द्वार एवं निकास मार्ग अलग-अलग किए जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही किए जाने की बात कही।

उन्होंने रेलवे स्टेशन परिसर में लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर लगी भीनमाल की जूती स्टॉल सहित रेलवे स्टेशन की स्वच्छता एवं विकास के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार व रेलवे मंत्रालय द्वारा देशभर में चयनित आदर्श स्टेशनों में जालोर रेलवे स्टेशन का भी विकास कार्य प्रगतिरत है।

जालोर शहर के रेलवे स्टेशन के अवलोकन के दौरान स्टेशन अधीक्षक दिनेश मीणा, जे.पी.मीणा, स्टेशन मास्टर सुरेश पटेल, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, नरेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# जालोर में अंबेडकर सभा स्थल की सफाई की

**जालोर**, (कासं) संविधान दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर जहां देशभर में कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे, वहीं जालौर के अंबेडकर सभा स्थल पर गंदगी और कचरे के ढेर ने इस खास दिन की गरिमा को ठेस पहुंचाई। इस समस्या का समाधान अंबेडकर सेवा समिति जालोर के पार्षद दिनेश बारोट के नेतृत्व में किया।

समिति के सदस्यों ने सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया।

पार्षद दिनेश बारोट ने कहा, संविधान दिवस हमारे देश के लिए गर्व का दिन है। ऐसे पवित्र स्थानों को स्वच्छ और सम्मानजनक बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस सफाई अभियान में अंबेडकर सेवा समिति के साथ-साथ भाजपा और समाज के अन्य प्रमुख लोग भी जुड़े।

भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी, दला भाई राव, गर्ग, जय नारायण परिहार, इंद्र गर्ग, रमेश मेघवाल, मनोहर राणा भागीरथ गर्ग और समिति के सदस्य गोकुल राम परिहार, दानाराम, हेमाराम, अनिल कुमार भादरू, एसटी ओबीसी मोर्चा के कानाराम, विजय पाल, हिम्मत राम, दीपक ने भाग लिया।

समिति के सदस्य गोकुल राम परिहार ने कहा कि क्षेत्र के निवासियों ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए



**जालोर में डॉ.भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी।** फोटो-राष्ट्रदूत

कहा कि यह पहल न केवल स्वच्छता की भावना को बढावा देती है, बल्कि समाज में जागरूकता का भी संदेश देती है। संविधान दिवस पर इस तरह के प्रयास दिखाते हैं कि स्वच्छ भारत मिशन का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर नागरिक का है। ॐ

अंबेडकर सेवा समिति और स्थानीय नेताओं की यह पहल अन्य स्थानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल ने बताया कि संविधान दिवस पर अंबेडकर सभा स्थल की सफाई का यहां कदम स्वच्छता के प्रति समर्पण और सामूहिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश करता है।

## विहिप की बैठकों का दौर जारी

**रेवदर**, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद द्वारा आगामी 22 जनवरी को रेवदर में आयोजित होने वाले विराट त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम को लेकर बैठकों का दौर जारी है। प्रखण्ड के खाण, भामरा, करेली और महावीर कॉलोनी में बैठक का आयोजन कर त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में अधिक से अधिक सम्मिलित होने का आव्हान किया गया। खाण ग्राम की बैठक में जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा, प्रखंड सह मंत्री भावेश खंडेलवाल एवं बजरंग दल प्रखंड संयोजक कमलेश गोस्वामी मौजूद रहे। जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा ने देश, धर्म, संस्कृति, गाय, गीता की रक्षा के लिए विश्व हिंदू परिषद् की स्थापना को लेकर संगठन क्यों आवश्यक है, पर विषय रखा। प्रखंड संयोजक कमलेश गोस्वामी ने युवा टोली को मजबूत एवं शक्तिशाली बनाने के लिए बलोपासना केंद्र चलाने के लिए प्रेरित किया।


प्रखंड सह मंत्री भावेश खंडेलवाल ने खाण ग्राम की नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष महादेव भारती, उपाध्यक्ष शैलषदान चारण, मंत्री भाणाराम चौधरी, सह मंत्री मेहुलदान चारण, संयोजक पिंटु कोली, सह संयोजक गजेन्द्र सिंह, साप्ताहिक मिलन प्रमुख जनक भारती, गौ रक्षा प्रमुख दिनेश कोली, बलोपाससना केंद्र प्रमुख श्रवण कोली, विद्यार्थी प्रमुख श्रवण चौधरी, सह प्रमुख विजय भारती, सुरक्षा प्रमुख आवड दान चारण, प्रचार प्रसार प्रमुख पिंटू कोली, सह प्रमुख विशाल भारती को नियुक्त किया। करेली में अध्यक्ष गणेश राम कोली, उपाध्यक्ष राजूराम मेघवाल, मंत्री खेमाराम कोली, सह मंत्री अशोक कोली, संयोजक विशाल दान चारण, सह संयोजक प्रकाश कोली, साप्ताहिक मिलन प्रमुख सतीश कोली, सुरक्षा प्रमुख राशिराम कोली, सह प्रमुख जोगाराम कोली, गोरक्षा प्रमुख राहुल मेघवाल, सह प्रमुख तलसाराम कोली, बलोपासना प्रमुख श्रवण मेघवाल, प्रचार प्रसार प्रमुख हीराराम कोली को नियुक्त किया गया।

## कंबल बांटे

**भीनमाल**, (निसं)। भीनमाल के गांव वाडा भाडवी में इस वर्ष भी स्वर्गीय खिंयाराम लाखानी की स्मृति में उनके पौत्र अध्यापक जयकरण खिलेरी और पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष रामकिशन खिलेरी की ओर से जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए।

यह आयोजन गांव बाडा भाडवी के रामदेव मंदिर, चामुंडा माता मंदिर, विरार नाडी और कालू नाडी स्थानों पर किया गया, जहां करीब 5०० कंबलों का वितरण हुआ। जयकरण खिलेरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना है। इस पुनीत कार्य में बाडा भाडवी के सरपंच किसनाराम जाट, सोसाइटी अध्यक्ष भभूतसिंह, चितलवाना थाना सहायक उप निरीक्षक किसनाराम खिलेरी, जिला परिषद सदस्य सजनी देवी मेघवाल, समिति के सदस्य ओखाराम मेघवाल, पूर्व उपाध्यक्ष लीलाराम भील, जंभेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भागीरथ जानी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

लोगों ने जयकरण खिलेरी और उनके परिवार के इस प्रयास की सराहना की। बाडा भाडवी में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल जरूरतमंदों को सहायता दी, बल्कि समाजसेवा के महत्व को भी उजागर किया। इस प्रकार के आयोजन न केवल जरूरतमंदों की मदद करते हैं, बल्कि समाज को एकजुटता का संदेश भी देते हैं।



**गीता सत्संग भवन आश्रम पाली के पीठाधीश्वर स्वामी प्रेमानंद महाराज के निवेदन पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी गीता सत्संग भवन में 10 मिनट रूके तथा ठाकुरजी के दर्शन किए। इस अवसर पर आश्रम के कोषाध्यक्ष कालूराम पंवार, ट्रस्टी स्वामी हीरानंद सरस्वती महाराज, पुजारी राधेश्याम यादव, ाक्त प्रदीप छुगाणी, उमंग छुगानी सहित कई जने मौजूद रहे।** फोटो-राष्ट्रदूत

## प्रथम रविवार का अवकाश रखने पर चर्चा की

**भीनमाल**, (निसं)। स्थानीय मोबाइल एसोसिएशन के व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन रविवार को क्षेमंकरी माता मंदिर तलहटी में किया गया। जिसमें शहर के सभी मोबाइल व्यापारियों ने भाग लिया। मोबाइल एसोसिएशन ने निर्णय लिया की महीने के प्रथम रविवार को सभी दुकानदार अवकाश रखेंगे। मोबाइल एसोसिएशन समाज में सहायता रूपी कार्यो में अपना आर्थिक सहयोग प्रदान करेंगा। संगठन को मजबूत बनाए जाने के अंतर्गत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर रमेश जांगिड, उत्तम जैन, मनोहर जैन, महेंद्र ने संगठन को मजबूत बनाए रखने की बात कही। इसी कडी में सभी मोबाइल एसोसिएशन के सदस्यों ने भी अपनी सहमति जताई।इस अवसर पर महेंद्र भाटी, डायालाल जांगिड, मुकेश जांगिड, कृष्ण माली, नितिन ठाकुर, नरेश दवे, दलाराम माली, हंताराम चौधरी, हरसन, निलेश नागर, वसंत जांगिड, वीरेंद्रसिंह, राजेश चौधरी, अखिल खान, उम्मेदसिंह, जगदीश वैष्णव, वकील अली, आसिफ अली, श्याम माली, महेंद्र वैष्णव, निलेश त्रिवेदी सहित मोबाइल संगठन व्यापार मंडल के व्यापारी उपस्थित रहे।

## सत्संग कार्यक्रम हुआ

**रेवदर**. (निसं)। रेवदर तहसील के गांव दांतराई में रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा सत्संग का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में संत रामपाल महाराज ने अपने अमृत वचनों में बताया कि अपने मनुष्य जीवन बार बार नही प्राप्त होता है तथा यह जीवन केवल परमात्मा की भगति के लिए ही प्राप्त होता है।

# प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को उभारने का काम करती है : प्रभुदयाल धीर

**बाड़मेर**, (कासं)। सृष्टि के सृजनकर्ता आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा के जयंती महोत्सव का भव्य आगाज रविवार को चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता के साथ हुआ।

प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय रॉय कॉलोनी स्थित ऋषि अंगिरा सभागार में जांगिड पंचायत के सानिध्य में जांगिड जागृति मंच व जांगिड महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में बडी संख्या में समाज के बालक बालिकाओं व मातृशक्ति ने उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया।

जांगिड जागृति मंच के अध्यक्ष लव जांगिड ने बताया की आगामी 10 फरवरी को आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जयंती से पूर्व समाज के सभी वर्गों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है । जिसका शुभारंभ रविवार को चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता के साथ हुआ। दोनों प्रतियोगिताओं में सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया ।

जांगिड पंचायत के अध्यक्ष प्रभुदयाल धीर ने प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। धीर ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभागियों की प्रतिभा में न सिर्फ निखार आता है बल्कि उन्हें अपनी कला और कौशल को प्रदर्शित करने का उचित मंच मिलता है। वरिष्ट उपाध्यक्ष मदन लाल धीर ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं से प्रतिभागियों में न सिर्फ कलात्मक कौशल बढता है बल्कि उन्हें टीमवर्क की भावना भी उत्पन्न होती है। जांगिड महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मगी देवी ने प्रतिभागियों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं आत्मविश्वास में वृद्धि करती है, साथ ही हमारी संस्कृति को भी सहजने का काम करती है। उन्होंने आगामी प्रतियोगिताओं में और अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया।



**बाड़मेर में आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा के जयंती महोत्सव को लेकर चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

प्रतियोगिता के दौरान जांगिड पंचायत के अध्यक्ष प्रभुदयाल धीर, वरिष्ट उपाध्यक्ष मदन लाल धीर, सचिव राजेंद्र बरडवा, कोषाध्यक्ष किशन लाल धीर,महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मगी देवी, सचिव दमयंती देवी, ऊषा जांगिड,छात्रावास अध्यक्ष अरविंद जांगिड, अरुण जांगिड, ललित जांगिड, गोपाल जांगिड सहित समाज के पदाधिकारी व बंधु मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए अपनी कला और कौशल का हुनर दिखाया। चित्रकला में जूनियर वर्ग में प्रतिभागियों ने विश्वकर्मा भगवान, प्रकृति, खेत खलिहान, स्मारक आदि विषयों पर सुन्दर चित्र उकेरे। वही सीनियर वर्ग में नशा मुक्ति व मकर संक्रांति पर आधारित विषयों पर रंगों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने अपने पसंद के अनुरूप विषय चुनकर सुंदर सुंदर रंगोलिया बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वही महोत्सव आयोजन के तहत आगामी दूसरे रविवार 12 जनवरी को मेहंदी, म्यूजिकल चेयर, पारंपरिक वेशभूषा व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

## मोकलसर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**बालोतरा**, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने पंचायत समिति सिवाना की ग्राम पंचायत मोकलसर में स्वच्छता का किया औचक निरीक्षण कर तीन दिवस के भीतर भीतर संपूर्ण दृश्यमान स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पंचायत समिति सिवाना के विकास अधिकारी दिनेश सिंह भाटी ने बताया कि पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के बालोतरा भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों की अनुपालना में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने जिले की समस्त पंचायतो में स्वच्छता अभियान को प्रारंभ करवाया। उन्होने मोकलसर पंचायत में स्वयं उपस्थित होकर कनिष्ठ तकनीकी, सहायक ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायक को निर्देशित किया कि आगामी तीन दिवस में ग्राम पंचायत की संपूर्ण गली मोहल्ले साफ सुथरे हो जाए तथा नालियों की भी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो। ग्राम पंचायत में स्वच्छता हेतु टेंडर का कार्य सरकार द्वारा निर्धारित दर और बीएसआर के अनुसार तत्काल प्रभाव से करने तथा संवेदक को कार्यादेश देने के आदेश जारी किए।

इसी कडी में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चौहान ने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि एक बार संपूर्ण ग्राम पंचायत की सफाई करवा कर संवेदक को सुपर्द करें तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य प्रारंभ नहीं करने पर संबंधित टेंडर प्राप्तकर्ता संवेदक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही प्रारंभ करें। टेंडर की पालना में संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं करने तक ग्राम पंचायत स्वयं प्रतिदिन साफ सफाई सुनिश्चित करें ताकि राज्य सरकार की भावना और निर्देशों की अक्षरशः पालन हो सके। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चौहान ने ग्रामीणों से भी हाथ जोडकर कहा कि लोग प्रशासन एवं सरकार को स्वच्छता में विशेष सहयोग प्रदान करें।

# के. के. विश्नोई ने नाकोड़ा भैरव के दर्शन किए



**नाकोड़ा तीर्थ पर दर्शन करने के बाद राज्यमंत्री के.के. विश्नोई का ट्रस्ट ने बहुमान किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (निसं)। उद्योग राज्यमंत्री श्री के. के. विश्नोई ने शनिवार को बालोतरा जिले के यात्रा प्रवास के दौरान नाकोडा जैन मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की।

इस दौरान उन्होंने मीडिया से रूबरू होकर कहा कि राज्य सरकार सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विकसित भारत विकसित राजस्थान 2047 के विजन को लेकर चल रही है। जिसके उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए है। प्रदेश की 11 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ को देखते हुए निवेशक उत्साहित है। विश्व भर के फाइनेंशियल इंस्ट्यूट की निगाह प्रदेश पर है। आने वाला समय राजस्थान के लिए सुनहरा होगा।

तत्पश्चात उन्होंने श्री पार्श्वनाथ जैन छात्रावास, मालवाडा द्वारा आयोजित श्री नाकोडाजी तीर्थ द्वितीय स्नेह मिलन कार्य म में शिरकत की।

उन्होंने कार्य म में सभी धर्मप्रेमी भाइयों-बहनों की आत्मीय उपस्थिति एवं समर्पण की भावना को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि श्री नाकोडाजी तीर्थ जैसे पवित्र स्थान पर आयोजित यह कार्यक्रम धर्म, सेवा और परस्पर प्रेम की भावना को और अधिक प्रबल करता है। धर्म, स्नेह और सेवा की यह परंपरा सदैव कायम रहे।

जैन श्वेतांबर नाकोडा पार्श्वनाथ तीर्थ पर राजस्थान सरकार में राज्य मंत्री के के विश्नोई पहुंचे तीर्थ पर पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं क्षेत्र के खुशहाली की कामना की नाकोडा पार्श्वनाथ भगवान एवं श्री नाकोडा भैरव देव की स्तुति करने के पश्चात मंत्री का ट्रस्ट मंडल द्वारा बहुमान किया गया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष लूणकरंजी बोथरा, ट्रस्टी पुरूषोतम सेठिया, ट्रस्टी महेंद्र बागरेचा, साथ ही पुरूषोतम बोकडयिा, देवस्थान विभाग आयुक्त ओम बागरेचा, शांतिलाल बालड, गौतम बोथरा आदि मौजूद रहे।